भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1943

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति

1943. श्री अशोक कुमार रावतः

श्री मुकेश राजपूतः

सुश्री बाँसुरी स्वराजः

श्री विष्णु दयाल रामः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जून, 2026 की स्थिति के अनुसार, देशभर में स्वीकृत और कार्यान्वित की जा रही मेट्रो रेल परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और परियोजना-वार वर्तमान स्थिति क्या है और इनमें क्या भौतिक प्रगति हुई है;

(ख) केंद्र सरकार द्वारा मेट्रो रेल के विस्तार के लिए राज्यों और कार्यान्वयन अभिकरणों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मेट्रो रेल के वर्तमान में हो रहे विस्तार संबंधी प्रस्तावों के अंतर्गत किन्हीं नए शहरों या कॉरिडोरों को मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मेट्रो रेल के विस्तार का प्रमुख शहरों में शहरी परिवहन व्यवस्था, भीड़भाड़ कम करने और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी प्रदान किए जाने पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) वर्तमान में, आरआरटीएस सहित लगभग 1159 किलोमीटर मेट्रो रेल नेटवर्क देश भर के 26 शहरों में प्रचालित है। इसके अलावा, भौतिक प्रगति के साथ मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-I के अनुसार है।

(ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2026-27 तक मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

वित्त वर्ष	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
बजट	₹23,102.2 करोड़ (वास्तविक)	₹28,543.86 करोड़ (वास्तविक)	₹29,451.00 करोड़ (वास्तविक)	₹30,942.05 करोड़ (बजट प्राक्कलन)

(ग) जनवरी, 2024 से भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-II के अनुसार है।

(घ) मेट्रो और अन्य जन परिवहन प्रणालियों के विस्तार से निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन में बदलाव की सुविधा मिलती है, जिससे भीड़भाड़ और वाहनों के उत्सर्जन में कमी आती है। इससे यात्रा की विश्वसनीयता में भी सुधार होता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने में योगदान देता है

*****

अनुलग्नक-I

'मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति' के विषय में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 1943 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक
इस मंत्रालय के अंतर्गत कार्यान्वित मेट्रो रेल परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति का विवरण

क्रम सं.	मेट्रो रेल परियोजना का नाम	लंबाई (किमी में)	वास्तविक प्रगति (जून, 2026 तक % में)
1	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण -2	72.09	95.70
2	पुणे मेट्रो लाइन 3 (मान-हिंजवड़ी-शिवाजीनगर) (पीपीपी मोड पर)	23.20	95.73
3	दिल्ली मेट्रो चरण IV (03 प्राथमिकता वाले कोरिडोर)	65.202	82.20
4	कानपुर मेट्रो रेल परियोजना	32.4	82.00
5	सूरत मेट्रो रेल परियोजना	40.35	81.10
6	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण-2ए और 2बी	58.19	72.75
7	आगरा मेट्रो रेल परियोजना	29.4	72.00
8	इंदौर मेट्रो रेल परियोजना	31.15	64.15
9	भोपाल मेट्रो रेल परियोजना	30.90	59.94
10	पटना मेट्रो रेल परियोजना	32.50	53.00
11	चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना चरण 2	118.90	54.62
12	जयपुर मेट्रो चरण 1डी	1.35	49
13	पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण -1 विस्तार (पीसीएमसी से निगड़ी)	4.40	47.17
14	नागपुर मेट्रो रेल परियोजना चरण-II	43.80	40.86
15	कोच्चि मेट्रो चरण II	11.20	39.56
16	ठाणे मेट्रो रेल परियोजना	29.00	9.49
17	पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण -1	5.464	6.2

	विस्तार (स्वारगेट से कटराज)		
18	दिल्ली मेट्रो चरण V (ए)	16.076	5.63
19	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण -3	44.65	3.60
20	मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम	28.50	3.3
21	दिल्ली मेट्रो चरण IV (02 शेष कॉरिडोर)	20.762	4.29
22	दिल्ली मेट्रो चरण IV रिठाला कुंडली कॉरिडोर	26.463	3.02
23	पुणे मेट्रो चरण 2 (वनाज़ से चांदनी चौक और रामवाड़ी से वाघोली)	12.75	1.88
24	पुणे मेट्रो रेल परियोजना 2, लाइन-4 (खराडी से खड़कवासला)	31.63	1.30
25	डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार	2.6	भारत सरकार द्वारा 24.07.2025 को स्वीकृत
26	लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 बी	11.165	भारत सरकार द्वारा 03.09.2025 को स्वीकृत
27	नोएडा मेट्रो का सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक विस्तार	11.56	भारत सरकार द्वारा 17.03.2026 को स्वीकृत
28	अहमदाबाद मेट्रो चरण 2बी	3.33	भारत सरकार द्वारा 17.03.2026 को स्वीकृत
29	जयपुर मेट्रो चरण 2	41.00	भारत सरकार द्वारा 28.04.2026 को स्वीकृत
30	अहमदाबाद मेट्रो चरण 2ए	6.032	भारत सरकार द्वारा 07.07.2026 को स्वीकृत

अनुलग्नक-II

'मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति' के विषय में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 1943 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

जनवरी, 2024 से भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण।

क्रम सं.	मेट्रो रेल परियोजना	लंबाई किमी में	लागत करोड़ ₹ में
1	दिल्ली मेट्रो चरण IV (शेष 2 कॉरिडोर)	20.7	8,400.00
2	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण 3	44.65	15,611.00
3	ठाणे इंटीग्रल मेट्रो रेल परियोजना	29	12,200.10
4	पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 स्वारगेट से कटराज तक विस्तार	5.46	2,954.53
5	चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना चरण II	118.9	63,246.00
6	दिल्ली मेट्रो रिठाला कुंडली	26.43	6,230.99
7	पुणे मेट्रो चरण 2	12.75	3,626.24
8	डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार	2.6	416.34
9	लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 बी	11.165	5,801.05
10	पुणे मेट्रो चरण 2 लाइन 4 खराडी से खड़कवासला	31.63	9,857.85
11	दिल्ली मेट्रो चरण V (ए)	16.07	12,014.91
12	नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन	11.56	2,254.35
13	अहमदाबाद मेट्रो चरण 2बी	3.33	1,067.35
14	जयपुर मेट्रो चरण II	41	13,037.66
15	जयपुर मेट्रो चरण आईडी	1.35	222.15
16	अहमदाबाद मेट्रो चरण 2ए	6.032	2,169.04
	कुल	382.627	1,59,109.56